सियाचिन में ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स

पहली बार, भारतीय सेना ने **हाई स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी** सुनिश्चित करने के लिये सियाचिन और **दौलत बेग ओल्डी (DBO)** में ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी सफलतापूर्वक स्थापित की है।

- फाइबर ऑप्टिक केबल डिजिटल जानकारी को स्थानांतरित करने के लिये प्रकाश की तेज़ गति से यात्रा करने वाली तरंगों का उपयोग करते हैं। यह अपने संचालन के लिये पूर्ण आंतरिक परावर्तन पर निर्भर करता है।
- **सियाचिन विश्व का सबसे ऊँचा और सबसे ठंडा** युद्धक्षेत्र है। यह रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इसके**बाईं ओर पाकिस्तान तथा दाईं ओर चीन** स्थित है।
  - यह नुब्रा घाटी **के उत्तर में स्थित है**, जहाँ से नुब्रा नदी प्रवाहित होती है।
    - **नुब्रा नदी, जो श्योक नदी की एक सहायक नदी है,** सियाचिन ग्लेशियर से निकलती है, यह **सिंधु नदी प्रणाली** का हिस्सा है।
  - **सके अतिरिक्त,** सियाचिन ग्लेशियर से काराकोरम पर्वतमाला में नुब्रा घाटी भी देखी जा सकती है।
  - **वर्ष 1984 में भारतीय सेना द्वारा** ऑपरेशन मेघदूत **चलाकर पाकिस्तान द्वारा कब्ज़ा करने से पहले साल्टोरो रिज ग्लेशियर पर नियंत्रण कर लेने के बाद से सियाचिन भारत के क्षेत्राधिकार में है।**
- **DBO** एक **भारतीय सैन्य अड्डा है**, जो भारत के **सबसे उत्तरी छोर पर काराकोरम पर्वतमाला** में स्थित है।

//



और पढ़ें: सियाचिन ग्लेशियर

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/optical-fibre-in-siachen